अमर उजाला

Page No:- 05 My City **Date:-** **07.10.2019**

अमर उजाला व आईटीएस कॉलेज की ओर से लगे फ्री कैम्प में जांच करते डॉक्टर।

शिविर में 181 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

माई सिटी रिपोर्टर

अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत किया आयोजन

अपराजिता 100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू सृष्टि सोसायटी में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। लोगों ने शिविर में भाग लेकर स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान दंत चिकित्सकों ने लोगों का निशुल्क उपचार भी किया।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 181 मरीज पहुंचे, जिसमें से 123 लोगों के दांतों की जांच की गई जबकि 58 लोगों को फिजियोथैरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। इसके अलावा शिविर में 40 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। बच्चों की दांतों में कैविटी पाई गई। 14 मरीजों के दांतों में फ्लूराइड लगाया गया, जिससे आगे उनको कैविटी की समस्या न हो। इसके अलावा 11 लोगों के दांतों में चिकित्सकों ने मसाला भरा। 12 लोगों के दांत निकले गए। डॉ. विक्रम अरोड़ा, डॉ. वरुण कोचर के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। चिकित्सकों की टीम ने स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए। तंबाकू का सेवन के चलते दांतों में झनझनाहट के दस मामले शिविर में आए। चिकित्सकों ने सभी को इलाज संबंधी परामर्श दिया। शिविर में डॉ. आसिफा अशरफ, नेहा दलाल, मानसी मिश्रा, मोहित बंसल, लाजुम, स्वाति ने जांच की।

सोसायटी में शिविर लगने से समय की काफी बचत हुई। मुझे चिकित्सकों से दांतों संबंधी परामर्श लेना था। ऐसे आयोजन सराहनीय हैं।

शालू शर्मा

सोसायटी में शिविर के बारे में पता चला। इसके बाद में जांच कराने के लिए यहां आई। चिकित्सकों ने दांतों की देखभाल संबंधी टिप्स भी दिए।

अश्वनी

दांत में दर्द की समस्या मैंने चिकित्सकों को दिखाई। उन्होंने शिविर में ही उपचार किया। इस तरह के शिविर समय-समय पर होते रहने चाहिए। **रीता**

मैंने और परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्य शिविर में जांच कराई। दांतों संबंधी परेशानी के बारे में चिकित्सकों को बताया और उपचार लाभ लिया। चिकित्सकों के परामर्श से उन्हें काफी जानकारियां हुईं। इस तरह के शिविर लगने चाहिए। **शिवानी**

AMAR UJALA

Page No. 05 (Gzb) Date. 6th Oct 2019

अपराजिता के तहत चिकित्सा शिविर आज

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल के तहत रविवार यानि आज चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आईटीएस डेंटल कालेज के सहयोग से राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडब्ल्यू सृष्टि सोसायटी में शिविर आयोजित होगा। इसकी शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी और समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग से संबंधित समस्या होने पर लोग शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श ले सकते हैं। दंत रोग विशेषज्ञ और फीजियोथेरेपी विशेषज्ञ लोगों की जांच और उपचार के लिए शिविर में मौजूद रहेंगे।